राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.24(153)RSSB / D.S. / Para Medical / Result-2020/3279 दिनांक : 24.08.2020

पैरामेडिकल संवर्ग के लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर सीधी भर्ती –2020 के परिणाम दिनांक 21.08.2020 के संबंध में सूचना

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा पैरामेडिकल संवर्ग के लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच हेतु सूचीबद्ध किये गये अभ्यर्थियों की सूचना दिनांक 21.08.2020 को प्रकाशित की गयी है। लैब टैक्नीशियन के गैर अनुसूचित क्षेत्र के 1014 पदों के विरूद्ध 1520 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 105 पदों के विरूद्ध 155 कुल 1119 पदों के विरूद्ध 1675 अभ्यर्थियों एवं सहायक रेडियोग्राफर के लिये गैर अनुसूचित क्षेत्र के 959 पदों के विरूद्ध 1282 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 99 पदों के विरूद्ध 83 कुल 1058 पदों के विरूद्ध 1365 अभ्यर्थियों को वरियता अनुसार पात्रता की जांच हेतु सूचीबद्ध किया गया हैं। यह कुल रिक्त पदों के लगभग 1.5 गुणा है। यह सूची पूर्णतया अस्थायी एवं अनन्तिम है तथा यह केवल पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु तैयार की गयी है।

उल्लेखनीय है कि उक्तानुसार अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध करने हेतु अभ्यर्थियों द्वारा उनके ऑनलाईन आवेदन पत्र में की गयी प्रविष्टियों के आधार पर एवं उसके ही अनुरूप प्राथमिक रूप से वरियता सूची तैयार की गयी है। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में दी गयी सूचना की बोर्ड द्वारा अलग से कोई जांच नहीं की गयी है। इन सूचनाओं का सत्यापन तथा अभ्यर्थियों की पात्रता की विस्तृत जांच बोर्ड द्वारा शीघ्र ही कार्यक्रम जारी कर की जायेगी। पात्रता की जांच में पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। शेष रिक्त पदो के विरूद्ध पुनः रिक्त पदों के अनुरूप वरियता सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच हेतु सूचीबद्ध किया जाकर पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन किया जायेगा। इनमें से भी पात्र पाये अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। यही प्रक्रिया अंतिम पद भरने तक आवेदनकर्ता अभ्यर्थी उपलब्ध होने तक अपनायी जायेगी।

अतः उक्त दोनों भर्तियों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता हैं कि वे इस सम्बन्ध में किसी भ्रम या आशंका मे नहीं रहें। इस सम्बन्ध में अन्य जानकारियों हेतु बोर्ड की वेबसाईट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव